15. निम्नलिखित में से दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए :

(क) विकासवाद

(ख) फैंटेसी

(ग) मिथक

(घ) प्रतीक योजना ।

20

Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

UA-6251

B. A. B. Ed. - III Examination, 2021

PAPER - XIX, XX & XXI (G-B)

हिन्दी साहित्य

Paper - I

(हिन्दी साहित्य–3)

आधुनिक हिन्दी कविता

Time allowed : **Three Hours**

Max. Marks : **100**

This question paper contains ***three*** *sections as under :*

https://pyqlelo.com

खण्ड–अ *Max. Marks-10*

इस खण्ड में एक अनिवार्य प्रश्न है जिसमें 10 भाग हैं । प्रत्येक भाग का उत्तर 20 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड–ब *Max. Marks-50*

इस खण्ड में 10 प्रश्न है। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का चयन करते हुये कुल 05 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड–स *Max. Marks-40*

इस खण्ड में 04 प्रश्न हैं, प्रश्न के भाग हो सकते है। इस खण्ड में एक इकाई से अधिकतम एक प्रश्न होगा। कुल दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड – अ

1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : **10**

(i) 'द्वापर' खण्डकाव्य का कथानक कहाँ से लिया गया हैं ? इसमें नारी पात्र का नाम क्या है ?

(ii) 'बीती विभावरी जाग री' गीत प्रसाद के किस काव्य संग्रह से लिया गया है ?

(iii) 'बादय राग' निराला की किस विचारधारा से प्रभावित कविता है ?

(iv) 'द्रुत झरो' कविता में शुष्क–जीर्ण पत्र को कवि ने किसका प्रतीक बनाया है ?

(v) 'आधुनिक मीराँ' किसे कहा गया है ?

(vi) नागार्जुन का मूल नाम क्या था ?

(vii) 'कितनी नावों में कितनी बार' कविता का मूल तथ्य क्या है ?

(viii) कवि मुक्तिबोध का पूरा नाम बताइए ।

(ix) धूमिल के काव्य संग्रहों के नाम बताइए ।

(x) 'आत्महत्या के विरुद्ध' कविता का मूल वर्ण्य विषय क्या है ?

खण्ड – ब

इकाई - I

2 निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **50**

स्वयं सुसज्जित कर के क्षण में,
प्रियतम को प्राणों के प्रण में,
हमीं भेज देती हैं रण में –
क्षात्र धर्म के नाते ।
सखि ! वे मुझसे कहकर जाते ।

10

अथवा

3 जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति सी छाई
दुर्दिन के आँसू बनकर
वह आज बरसने आई,
मेरे क्रन्दन में बजती
क्या वीणा, जो सुनते हो
धागों से इन आँसू के
निज करुणा-पट बुनते हो ।

10

इकाई - II

4 सघन मेघों का भीमाकाश
गरजता है जब तमसाकार,
दीर्घ भरता समीर निःश्वास
प्रखर झरती जब पावस-धार,
न जाने, तपक तड़ित में कौन
मुझे इंगित करता तब मौन ॥

10

अथवा

5 कौन तुम मेरे हृदय में ?
कौन तेरी कसक में नित
मधुरता भरता अलक्षित ?
कौन प्यासे लोचनों में
घुमड घिर झरता अपरिचित ?
स्वर्ण सपनों का चितेरा
नींद के नीले निलय में !
कौन तुम मेरे हृदय में ?

10

इकाई - III

6 बहुत दिनों बाद
अब की मैंने जी भर देखी
पकी-सुनहली फसलों की मुस्कान
- बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अब की मैं जी भर सुन पाया
पकी-सुनहती फसलों की मुस्कान
- बहुत दिनों के बाद

10

अथवा

https://pyqlelo.com

7 खड़ा हुआ वह बीच सड़क पर
दोनों हाथ पेट पर रखकर
सीधे कदम रख करके आये
लोग सिमट कर आँख गडाये
लगे देखने उसको जिसकी तय शा हत्या होगी
निकल गली से तब हत्यारा
आया उसने नाम पुकारा
हाथ तौलकर चाकू मारा
छूटा लोहू का फव्वारा
कहा नहीं था उसने आखिर उसकी हत्या होगी ।

10

इकाई - IV

8 प्रगतिवाद की मुख्य प्रवृत्तियों का विवेचनात्मक वर्णन कीजिए ।

10

अथवा

9 छायावादी काव्य में प्रकृति का मानवीकरण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

10

इकाई - V

10 आधुनिक हिन्दी कविता में अस्तित्ववाद की अवधारणा को प्रस्तुत कीजिए ।

10

अथवा

11 मार्क्सवाद का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

10

खण्ड – स

12 'प्रसाद के काव्य में प्रेम, सौन्दर्य, मानवतावाद एवं राष्ट्रीय–सांस्कृतिक चेतना मिलती है ।' इस कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

20

13 'महादेवी करुणा एवं वेदना की गायिका है' । सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

20

14 'अज्ञेय प्रयोगवाद तथा नयी कविता के प्रतिनिधि कवि है ।' इस कथन का विश्लेषण कीजिए ।

20

https://pyqlelo.com